उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं0 1427

दिनांक / Date 8.2.2018

।। प्रेस विज्ञप्ति ।।

अवर अभियंता(विद्युत / यांत्रिक) का परिणाम जारी

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 5 नवम्बर, 2017 को उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0(यू0पी0सी0एल0) व पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 (पिटकुल) के रिक्त 252, अवर अभियंता (विद्युत / यांत्रिक)(प्रशिक्षु) पद कोड–52 पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। दिनांक 8 फरवरी, 2018 को इस लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है तथा लिखित परीक्षा में अभिलेख सत्यापन के लिए चिन्हित 249 अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित कर दी गयी है। 2 पद दिव्यांग श्रेणी के सम्यक अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण रिक्त हैं व 1 पद पर राज्य आंदोलनकारी अभ्यर्थी को चयनित किया गया किंतु मा0 उच्च न्यायालय के स्थगनादेश के कारण इस चयन को अभी स्थगित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों में 157 अभ्यर्थी उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0(यू0पी0सी0एल0) की रिक्तियों व 92 अभ्यर्थी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 (पिटकुल) की रिक्तियों के सापेक्ष चयनित हैं।

लिखित परीक्षा में कुल 8,147 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था। 158 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी ओ0एम0आर0 शीट्स को पूर्ण रूप से न भरे जाने के कारण उनका परिणाम निकाला जाना संभव नहीं हो सका है जो संबंधित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रदर्शित ओ0एम0आर0 में अवगत कराया गया है। सभी 8,147 मूल ओ0एम0आर0 शीट्स भी आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रदर्शित कर दी गयी है।

इस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों में सबसे अधिक अंक 86.50 सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी द्वारा तथा सबसे कम 42.50 अंक अनुसूचित जाति की महिला अभ्यर्थी के रहे है। इसके अतिरिक्त अलग–अलग श्रेणीयों में अलग–अलग कट ऑफ रही है।

अभिलेख सत्यापन के लिए 6 मार्च, 2018(मंगलवार) से 9 मार्च, 2018(शुक्रवार) की तिथियां निर्धारित की गयी हैं। इसका क्रमवार विवरण भी वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। सभी अभ्यर्थी मूल विज्ञापन में दी गयी अनिवार्य अर्हताओं के प्रमाण पत्र, अन्य प्रमाण पत्र आदि मूल रूप में लेकर अभिलेख सत्यापन के लिए निर्धारित तिथि पर आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

8/2/18

(संतोष बडोनी)
सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाड़पुर, देहरादून, उत्तराखण्ड
State Election Commission Office Campus, Ring Road, Ladpur, Dehradun. Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, आई.वी.आर.नं.-7088205533 वैबसाईट: www.sssc.uk.gov.in